प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.04.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कहा है कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि फुले का विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा है। राष्ट्रपति मुर्मु, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की दो सौवीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ज्योतिबा फुले को श्रद्धाजंलि दी जा रही है। सवाईमाधोपुर में संविधान जागरूकता कार्यक्रम और प्रश्नोत्तरी रखी गई है। वहीं भीलवाडा में श्रमदान किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में शिरकत की। उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्री बागडे ने ज्योतिबा फुले को महामानव बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले युग प्रवर्तक थे।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी जयपुर स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक पंहुचकर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

0000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में गगनयान मिशन के लिए दूसरा सफल एकीकृत वायु–विस्फोट परीक्षण किया है। यह प्रणाली मानव सहित अंतरिक्ष उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के कैप्सूल, क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। मॉड्यूल के छोड़े जाने के बाद, 10 पैराशूट वाली प्रणाली का उपयोग किया गया। इससे कैप्सूल को सुरक्षित जलस्तर तक धीमा करने में सहायता मिली। पहला सफल परीक्षण पिछले साल 24 अगस्त को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ था। इसमें, चिनूक हेलीकॉप्टर से 4 दशमलव 8 टन के डमी क्रू मॉड्यूल को तीन किलोमीटर की ऊंचाई से गिराया गया था। वायु–विस्फोट परीक्षण अंतरिक्ष यान की पृथ्वी पर वापसी के अंतिम चरण के लिए महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल परीक्षण के लिए इसरो को बधाई दी है। भारत का पहला मानव सहित अंतरिक्ष मिशन वर्ष 2027 में श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा।

0000

प्रदेश में 93 लाख से अधिक पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा से जोडा जा चुका है। जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल के फिर से शुरू होने के बाद और सक्षम व्यक्तियों द्वारा खाद्य सुरक्षा छोडने से एन एफ एस ए में हुई रिक्तियों पर 80 लाख से ज्यादा पात्र वंचितों को खाद्य सुरक्षा से जोडा गया। खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 करोड 42 लाख से अधिक लाभार्थी निशुल्क राशन प्राप्त कर रहे है।

0000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने जयपुर में बी 2 बाईपास स्थित श्रीराम कॉलोनी की करीब 42 बीघा जमीन से जुडे मामले में राजस्थान आवासन मंडल के पक्ष में फैसला सुनाया है। करीब तीन दशक से न्यायिक प्रकिया में उलझी इस भूमि को मंडल की माना गया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जांच समिति रिपोर्ट के आधार पर ऐसी कोई योजना अस्तित्व में नहीं थी ओर समिति ने मूल खातेदारों को भी पक्षकार नहीं बनाया।

0000

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के साथ ही प्रदेश में पारे में बढोतरी होने लगी है। अधिकतर स्थानों पर तापमान में 2 से 4 डिग्री का उछाल आया है। कल बाडमेर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पास पंहुच गया। वहीं 7 शहरों में 35 डिग्री के पार दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में गर्मी का असर बढेगा। अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री बढोतरी की संभावना है। हालांकि बीकानेर संभाग में आज बादल छाये रह सकते है।

0000

आईपीएल क्रिकेट मे आज पंजाब किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच आज दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जायेगा। वहीं शाम साढ़े सात बजे चेन्नई सुपर किंग्स और डेल्ही कैपिटल्स आमने–सामने होंगे। इससे पहले कल राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। राजस्थान की यह लगातार चौथी जीत है। वैभव सूर्यवंशी को **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया।

0000

भारत की मीनाक्षी गोयत ने कल किर्गिज्स्तान के बिश्केक में **एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप** में रजत पदक जीता। महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में मीनाक्षी ने दक्षिण कोरिया की सियोयंग पार्क को 4–2 से हराया। वहीं मोनिका ने 65 किलोग्राम और हर्षिता ने 72 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीते।

00000